प्रेस–नोट

थाना मोठ जिला झाँसी

दिनांक- 12.10.2026

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना मोठ पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाँक 12.10.2026 को पावन नवरात्रि पर्व के अवसर पर आवारा किस्म के लडकों की चैकिंग हेतु, कोचिंग के आसपास व कालेजों में व प्रमुख चौराहों में महिलाओं की सुरक्षा हेतु चलाये जा रहे एण्टीरोमियों व मिशन शक्ति के अभियान के तहत थाना मोंठ पुलिस एण्टीरोमयों टीम द्वारा क्षेत्र देखभाल और चेकिंग के दौरान कन्या इन्टर कालेज के सामने शाहपुर तिराहा के पास कस्बा व थाना मोंठ जिला झांसी से एक अभियुक्त अमन पुत्र सुरेन्द्र अहिरवार निवासी बडापुरा कस्बा व थाना मोंठ जिला झांसी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्त सार्वजनिक स्थान पर आने-जाने वाली महिलाओं और लडकियों पर अश्लील शब्दों का प्रयोग कर रहा था तथा अशोभनीय हरकतें कर रहा था । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 185/2026 धारा 296(a) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्त का नाम व पता

अमन पुत्र सुरेन्द्र अहिरवार निवासी बडापुरा कस्बा व थाना मोंठ जिला झांसी उम्र करीब 25 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 राजेश कुमार सिंह थाना मोंठ जिला झांसी।
2. का0 1430 उत्तम कुमार दीक्षित थाना मोंठ जिला झाँसी।
3. म0का0 रीना कुमारी थाना मोंठ जिला झांसी
4. म0का0 मधुबाला थाना मोंठ जिला झांसी